# मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना
## (Chief Minister Incentive Scholarship Scheme)




- जूनियर स्तर कक्षा 6 **(Junior level class 6)**
- माध्यमिक स्तर कक्षा 9 **(Secondary level class 9)**
- माध्यमिक स्तर कक्षा 11 **(Secondary level class 11)**

## 1. मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना (जूनियर स्तर कक्षा 6) (Chief Minister Incentive Scholarship Scheme for Students (Junior level class 6)

**संचालन –**

- माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा।

**आयोजन –**

- राज्य शैक्षिकि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा।

**कुल छात्रवृत्तियाँ –**

- जूनियर स्तर– विकासखण्ड स्तर पर कुल प्रतिभागी छात्रों के 10 प्रतिशत।

**किस स्तर तक (अवधि) –**

- योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थी को कक्षा 6 से कक्षा 8 तक छात्रवृत्ति दी जाएगी।

**छात्रवृत्ति की वर्तमान दर –**

- कक्षा 6 के लिए – रु0 600.00 (छह सौ रुपए) प्रति माह।
- कक्षा 7 के लिए – रु0 700.00 (सात सौ रुपए) प्रति माह।
- कक्षा 8 के लिए – रु0 800.00 (आठ सौ रुपए) प्रति माह।

**जूनियर स्तर की चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्हता –**

- अभ्यर्थी राज्य में संचालित राजकीय, राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं (केन्द्रीय व आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) कक्षा 6 में संस्थागत छात्र–छात्रा के रूप में अध्ययनरत हो।
- अभ्यर्थी को राज्य सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का दोहरा लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।
- अभ्यर्थी के माता–पिता या अभिभावक की आय सीमा का कोई प्रतिबंध नहीं है।
- अभ्यर्थी की कक्षा 6 एवं 7 में **उपस्थिति 75%** रही हो।
- अभ्यर्थी द्वारा कक्षा 6 एवं 7 में **60% प्रतिशत अंक** प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।
- अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा एवं कक्षा 6 व 7 कक्षा की **परीक्षा में प्राप्तांकों में 5 %** का अधिमान दिया जाएगा।

**जूनियर स्तर पर लिखित चयन परीक्षा**

- छात्रवृत्ति परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions) होंगे।
- इस प्रतियोगी परीक्षा हेतु दो प्रश्न पत्र होंगे।

  **प्रथम प्रश्न पत्र – मानसिक योग्यता परीक्षण (Mental Ability Test-MAT) :** शाब्दिक एवं अशाब्दिक तर्कशक्ति एवं संज्ञानात्मक क्षमता पर आधारित 60 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न।

  **द्वितीय प्रश्न पत्र – शैक्षिक अभिक्षमता परीक्षण (Scholastic Aptitude Test-SAT) :** गणित, पर्यावरण विज्ञान एवं भाषा आधारित कुल 60 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न।
- उत्तर पत्रक हेतु ओ.एम.आर. शीट प्रदान की जाएगी।

## 2. मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना (माध्यमिक स्तर कक्षा 9) (Chief Minister Incentive Scholarship Scheme for Students (Secondary level class 9)

**संचालन –**

- माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा।

**आयोजन –**

- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा।

**कुल छात्रवृत्तियाँ –**

- विकासखण्ड स्तर पर कुल प्रतिभागी छात्रों के 10 प्रतिशत।

**किस स्तर तक (अवधि) –**

कक्षा 9 में चयनित अभ्यर्थी को कक्षा 10 तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

**छात्रवृत्ति की वर्तमान दर –**

- कक्षा 9 एवं 10 के लिए – रु0 900.00 (नौ सौ रुपए) प्रति माह।

**जूनियर स्तर की चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्हता –**

- अभ्यर्थी राज्य में संचालित राजकीय, राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं (केन्द्रीय व आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) की कक्षा 9 में संस्थागत छात्र–छात्रा के रूप में अध्ययनरत हो।
- अभ्यर्थी के माता–पिता या अभिभावक की आय सीमा का कोई प्रतिबंध नहीं है।

- अभ्यर्थी की कक्षा 9 एवं 10 में **उपस्थिति 75%** रही हो।
- कक्षा 9 में छात्र द्वारा **70% अंक** प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।
- अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं को कक्षा 9 में प्राप्त अंकों में 5% का अधिमान दिया जाएगा।
- अभ्यर्थी को राज्य सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का दोहरा लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

**माध्यमिक स्तर पर लिखित चयन परीक्षा–**

- छात्रवृत्ति परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions) होंगे।
- इस प्रतियोगी परीक्षा हेतु दो प्रश्न पत्र होंगे।

  **प्रथम प्रश्न पत्र – मानसिक योग्यता परीक्षण (Mental Ability Test- MAT) :** शाब्दिक एवं अशाब्दिक तर्क शक्ति, संज्ञानात्मक क्षमता पर आधारित 100 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न।

  **द्वितीय प्रश्न पत्र – शैक्षिक अभिक्षमता परीक्षण (Scholastic Aptitude Test-SAT) :** गणित–20 प्रश्न, विज्ञान– 40 प्रश्न (भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान) तथा सामाजिक विज्ञान–40 प्रश्न (भूगोल, राजनीतिशास्त्र एवं इतिहास) विषयों पर आधारित कुल 100 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न।
- उत्तर पत्रक हेतु ओ.एम.आर. शीट प्रदान की जाएगी।

## 3. मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना (माध्यमिक स्तर कक्षा 11)

## (Chief Minister Incentive Scholarship Scheme for students (Senior Secondary level class 11)

**संचालन –**

- माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा।

**आयोजन –**

- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखण्ड, द्वारा।

**कुल छात्रवृत्तियाँ –**

- माध्यमिक स्तर पर (कक्षा 11 एवं 12) : कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में **80% अंक** प्राप्त करने वाले छात्रों को।

**किस स्तर तक (अवधि) –**

- माध्यमिक स्तर कक्षा 11 व 12

**छात्रवृत्ति की वर्तमान दर –**

- कक्षा 11 एवं 12 के लिए – रु0 1200.00 (बारह सौ रुपए) प्रति माह।

**माध्यमिक स्तर पर छात्रवृत्ति चयन एवं जारी रखने हेतु अर्हता –**

- **माध्यमिक स्तर पर (कक्षा 11) :** कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में **80% अंक** प्राप्त करने वाले छात्रों को।
- अभ्यर्थी राज्य में संचालित राजकीय, राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं (केन्द्रीय व आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) की कक्षा 11 में संस्थागत छात्र–छात्रा के रूप में अध्ययनरत हो।
- अभ्यर्थी के माता–पिता या अभिभावक की आय सीमा का कोई प्रतिबंध नहीं है।

**कक्षा 11 व 12 हेतु–**

- अभ्यर्थी राज्य में संचालित राजकीय, राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं (केन्द्रीय व आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) की कक्षा 11 में संस्थागत छात्र–छात्रा के रूप में अध्ययनरत हो।
- अभ्यर्थी के माता–पिता या अभिभावक की आय सीमा का कोई प्रतिबंध नहीं है।
- अभ्यर्थी की कक्षा 11 में **उपस्थिति 75%** रही हो।
- कक्षा 11 की परीक्षा में छात्र द्वारा **75% अंक** प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।
- अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं को कक्षा 11 में **प्राप्त अंकों में 5%** का अधिमान दिया जाएगा।
- अभ्यर्थी को राज्य सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का दोहरा लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

*************